अपने वाणिज्यिक अनुमानों के अनुसार निवेश संबंधी निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं और इसलिए देश के विभिन्न भागों में निवेश में भिन्नता आ सकती है।

औद्योगिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों / जिलों / राज्यों के विकास सहित औद्योगिक विकास का मुख्य उत्तरदायित्व राज्य सरकारों का है और केन्द्र सरकार इनके प्रयासों में मदद करती है। औद्योगिक रूप से पिछड़े राज्य / संघ शासित क्षेत्र आयकर अधिनियम की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट किए गए हैं। इन राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों की एक सूची संलग्न विवरण में दी गयी है। (नीचे देखिये)।

आयकर अधिनियम की धारा 80 आई ए के अधीन प्रावधान में औद्योगिक रूप से पिछड़े राज्यों में स्थापित एककों के लिए पांच वर्ष के कर अवकाश और अन्य पांच वर्षों के लिए 25% (कंपनियों के मामले में 30%) कटौती के रूप में दोहरे राजकोषीय प्रोत्साहन की व्यवस्था की गयी है। यह लाभ 1.4.95 से देश के शेष भाग में श्रेणी "क" के औद्योगिक रूप से पिछड़े जिलों को उपलब्ध कराया गया था। श्रेणी "ख" के औद्योगिक रूप से पिछड़े जिलों के लिए कर अवकाश तीन वर्ष तक प्रतिबंधित है तथा और पांच वर्ष तक 25% (कंपनियों के मामले में 30%) कटौती की व्यवस्था है।

उद्योगों के स्थापना संबंधी फैलाव के जरिए संतुलित क्षेत्रीय विकास के लिए सरकार ने समय-समय पर विभिन्न प्रोत्साहन / रियायतें उपलब्ध करायी हैं जिनमें से विकास केन्द्र योजना, परिवहन राजसहायता योजना और एकीकृत अवसंरचना विकास योजना (आई आई डी) महत्वपूर्ण हैं।

विवरण

आयकर अधिनियम [धारा 80-आई ए (2) (iv) (बी)] की आठवीं अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट औद्योगिक रूप से पिछड़े राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों की सूची।

1. अरूणाचल प्रदेश
2. असम
3. गोवा
4. हिमाचल प्रदेश
5. जम्मू और कश्मीर
6. मणिपुर
7. मेघालय
8. मिजोरम
9. नागालैंड
10. सिक्किम
11. त्रिपुरा
12. अंडमान और निकोबार आईसलैंड
13. दादर और नगर हवेली
14. दमन और दीव
15. लक्ष्यद्वीप
16. पांडिचेरी

Comprehensive reforms in PSUs

1304. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) the details of the steps taken by Government for comprehensive reforms of PSUs including restructuring, rehabilitation and disinvestment; and

(b) how far these measures would improve the performance of the PSUs?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI SIKANDER BAKHAT): (a) and (b) Steps taken by the Government for *improving performance of public* enterprises are company specific. Such steps are taken after identifying the respective requirements of the PSUs. Some of common steps taken are *financial/capital restructuring*, setting up joint ventures for upgradation of technology or for new markets or financial assistance, modification of plants and machineries, rationalisation of the manpower, merging/demerging of units etc. Reforms, restructuring and performance improvements are continuous process. Result, accuring out of such measures are expected over a period of time.

Grants under PMRY to Gujrat

1305. SHRI BANGARU LAXMAN: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) the details of district-wise grants allocated to Gujarat under Prime Minister's Rozgar Yojana (PMRY);

(b) the details of the youth benefited in the State from such grants; and

(c) the steps taken or proposed to be taken by Government to promote the Yojana by increasing the funds to Gujarat?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI SIKANDER BAKHT): (a) Under the Prime Minister's Rozgar Yojana, the Government of India allocates physical target (in terms of number of youth to be assisted) to States/UTs. The district-wise allocation of target is done by the respective States/UTs. The Government of India assists by way of funds for subsidy, training, contingencies etc. The funds for subsidy are released to the Reserve Bank of India to be passed on to individual beneficiaries through implementing banks. The funds for training, contingency etc. are released to the State/UT Governments who in turn make district-wise allocation on the basis of district-wise targets. However, the bulk of the project assistance comes by way of loan from banks for the identified youths.

(b) As per the reports received from the Reserve Bank of India, 30500 youths were disbursed loans by banks for the last three years i.e. 1995-96; 1996-97 and 1997-98.

(c) The allocation of funds to States/UTs is linked to allocation of targets to States/UTs. Gujarat has been allocated target under the Prime Minister's Rozgar Yojana based on the norms for allocation of targets being followed for states/UTs.

Industrial growth

1306. SHRI SANTOSH BAGRODIA: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) what was the estimate of his Ministry for industrial growth during the last three years, percentage-wise;

(b) what is the actual rate of growth during the last three years, year-wise; and

(c) what are Government's plans for industrial growth for the next five years, percentage-wise?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI SIKANDER BAKHT): (a) to (c) The Ministry of Industry does not bring out any advance estimates or fix any target for industrial growth. The Planning commission had fixed an overall industrial growth target of 7.4% for the Eighth Plan.

The actual rate of growth during the last three years have been as under:

Year	Growth (percentage)
1995-96 (April-March)	12.8
1996-97 (April-March)	5.6
1997-98 (April-March)	6.6
1998-99 (April-Dec.)	3.5

The industrial growth target for the Ninth five year plan (1997—2002) has not yet been finalsed.

सीमेंट की घरेलू मांग और निर्यात

1307. **श्री राधाकिशन मालवीय:** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विभिन्न प्रकार की सीमेंट का प्रतिवर्ष कितना उत्पादन और निर्यात किया जा रहा है;

(ख) देश में सीमेंट की घरेलू मांग कितनी है;

(ग) क्या विदेशों में भारतीय सीमेंट की बढ़ती मांग के संबंध में कोई अध्ययन किया गया है; और

(घ) वर्ष 1998-99 के दौरान सीमेंट के उत्पादन, मांग और निर्यात के संबंध में किये गये सर्वेक्षण का ब्यौरा क्या है?